**<u>प्रेस नोट</u>**

**<u>थाना बबीना, जनपद झाँसी</u>**

<u>दिनांक: **28.07.2026**</u>

- **झाँसी पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही प्रभावी कार्यवाही,**
- **थाना बबीना पुलिस द्वारा हत्या के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर आलाकत्ल पत्थर बरामद,**
- **गिरफ्तार अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ एवं पुलिस महानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी श्री आकाश कुलहरि के मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी श्री बी.बी.जी.टी.एस. मूर्ति के कुशल निर्देशन में जनपद झाँसी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना बबीना पुलिस द्वारा आज दिनांक **28.07.2026** को मुखबिर की सूचना पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए **मु0अ0सं0-231/2026, धारा 137(2)/103(1)/238** बीएनएस से संबंधित हत्या के वांछित अभियुक्त आशिक अहिरवार पुत्र महेन्द्र सिंह अहिरवार, उम्र लगभग **19** वर्ष, निवासी मोहल्ला पनहारी, ग्राम खजराहा बुजुर्ग, थाना बबीना, जनपद झाँसी को गोपालपुरा मोड़, ग्राम खैलार के पास नहर की पटरी से गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ के दौरान अभियुक्त की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त **आलाकत्ल (एक पत्थर)** बरामद किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**<u>घटना का संक्षिप्त विवरण</u>**

उल्लेखनीय है कि दिनांक **19.07.2026** को वादी **श्री कोमल अहिरवार** पुत्र पर्वत अहिरवार, निवासी ग्राम खजराहा बुजुर्ग, थाना बबीना द्वारा अपने नाबालिग पुत्र **अंकित अहिरवार** (उम्र लगभग 15 वर्ष) के घर से बिना बताए चले जाने एवं वापस न आने के संबंध में थाना बबीना पर **मु0अ0सं0- 231/2026, धारा 137(2) बीएनएस** के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कराया गया था।

विवेचना एवं तलाश के दौरान दिनांक **20.07.2026** को अंकित अहिरवार का शव ग्राम खजराहा बुजुर्ग स्थित एक कुएँ से बरामद हुआ। पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं विवेचना के दौरान संकलित साक्ष्यों के आधार पर मुकदमे में **धारा 103(1)/238 बीएनएस** की बढ़ोत्तरी की गई तथा अभियुक्त **आशिक अहिरवार** का नाम प्रकाश में आया। दिनांक **28.07.2026** को अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त पत्थर बरामद किया गया।

## <u>गिरफ्तार अभियुक्तः-</u>

1. आशिक अहिरवार पुत्र महेन्द्र सिंह अहिरवार, उम्र लगभग **19** वर्ष, निवासी मोहल्ला पनहारी, ग्राम खजराहा बुजुर्ग, थाना बबीना, जनपद झाँसी।

## <u>बरामदगीः-</u>

- हत्या में प्रयुक्त एक पत्थर (आलाकत्ल)

## <u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम</u>

- प्रभारी निरीक्षक श्री विनय कुमार साहू
- उ0नि0 राहुल सिंह, चौकी प्रभारी बीएचईएल
- उ0नि0 अनुज सिंह
- हे0का0 विकास कुमार
- का0 धीरमुनि
- रिक्रूट आरक्षी अनुराग